




# डॉ गौर कठोर सजा के खिलाफ रहे

## गौर जयंती : विवि के गौर प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति ने कहा

नवभारत न्यूज

**सागर 26 नवम्बर. मध्य प्रदेश के प्रथम विश्वविद्यालय सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर सर डॉ. हरीसिंह गौर की 156वीं जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में मुख्य समारोह मे मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि डॉक्टर गौर एक महान स्वप्न द्रष्टा थे, उन्होंने कानून के क्षेत्र में अनेकों ऐसे कार्य किये जो आज भी मील का पत्थर हैं.**

उन्होंने कहा कि डॉ गौर कठोर सजाओं के सदैव खिलाफ थे. उनका मानना था कि इंसान को



कोई भी सजा ऐसी मिलनी चाहिए जिससे वह अपने जीवन में सुधार ला सके, अपने जीवन को बदल सके, इसलिए नहीं कि उसका जीवन यातनामय हो जाए. उनका मानना था कि काल-कोठरी जैसी व्यवस्था सजा का अमानवीय तरीका है.डॉ. गौर सुधारात्मक कानूनों को लागू करना चाहते थे. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट जैसी व्यवस्था की वकालत की, वे लड़कियों की कम उम्र में शादी के खिलाफ थे, ये सभी विचार आज बहुत ही प्रासंगिक हैं. वर्तमान सरकार ने अप्रासंगिक कानूनों को हटा दिया गया है.

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व आईपीएस कन्हैया लाल बेरवाल ने कहा कि डॉ. गौर ने अपना सर्वस्व दान कर इस विश्वविद्यालय की स्थापना की थी, वे ज्ञान के अथक साधक थे, उन्होंने अपने स्वप्न को एक आकार दिया और बुंदेलखंड की इस धरती पर ज्ञान का प्रकाश फैलाया, वे एक सच्चे न्याय विद थे और उनके द्वारा विश्वविद्यालय के रूप में एक बहुत बड़ा वृक्ष लगाया. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने डॉ. गौर की जीवन यात्रा को प्रस्तुत किया. कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. गौर ने कठिनतम समय में यह विश्वविद्यालय स्थापित किया जब कोई सोच भी नहीं सकता था, उनके पास बड़े शहरों में भी विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्ताव आये लेकिन उन्होंने अपनी मातृभूमि को इसके लिए चुना, उनकी कल्पना, उनकी सोच बहुत व्यापक थी, स्वयं की मेहनत की कमाई को सार्वजनिक हित में दान कर देना उनके जैसे महान व्यक्तित्व ही कर सकते हैं. आज उनको याद करने का दिन है. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि डॉ. गौर हमारे अभिमान हैं. विश्वविद्यालय उनकी विरासत है. राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. जी.एस. वाजपेयी ने कहा कि डॉ. गौर संघर्ष के प्रतीक हैं. न्यायमूर्ति सतीश शर्मा एवं प्रो. वाजपेयी ने पिता की स्मृति में स्वर्ण पदक पुरस्कार प्रारंभ किये जाने की घोषणा की. आगामी गौर जयंती से प्रतिवर्ष उनके द्वारा प्रदत्त राशि से मेधावी विद्यार्थियों क यह राशि प्रदान की जायेगी. न्यायमूर्ति शर्मा द्वारा प्रदत्त राशि से इतिहास विभाग के मेधावी विद्यार्थी को यह राशि प्रदान की जायेगी.

# सिविल अस्पताल में चिकित्सक और मरीज के परिजनों के बीच विवाद, डॉक्टरों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बीना 26 नवम्बर. सिविल अस्पताल में दो दिन पहले रात में एक महिला के परिजनों और ड्यूटी डॉक्टर के बीच विवाद हो गया. परिजनों ने डॉक्टर सौरभ जैन पर मारपीट और थूकने का आरोप लगाया.**

जानकारी के अनुसार सामूहिक रूप से डॉक्टर स्टाफ एकत्रित होकर एसडीएम, एसडीओपी कार्यालय कार्यालय पहुंचकर उन्होंने शिकायत पत्र सौपा जिसमें डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि मैं रात्रिकालीन ड्यूटी पर आया था उस समय एक युवक आदित्य यादव ने मेरे साथ बदसलूकी करते हुए मुझे देख लेने की धमकी दी. धक्का मुक्की की एवं मेरा कॉलर पकड़ा उसको मेरे द्वारा बार-बार समझाया गया पर वह मुझसे गलत




बोलता रहा तथा बदतमीजी करता रहा तथा मेरा गलत वीडियो बनाया गया था.

उन्होने बताया कि घटनाक्रम के कारण रात्रिकालीन ड्यूटी सही से नहीं कर पाया तथा बहुत मानसिक रूप से प्रताड़ित व दुखी महसूस कर रहा हूँ. इस पूरे घटनाक्रम की सूचना रात्रि में ही सूचना पत्र व अस्पताल मैमो के द्वारा भेजी गई थी पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई. जबकि दुष्प्रचार की मंशा से गलत वीडियो मेरे व्यवहार का सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है. उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत आदित्य यादव के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाए.

ज्ञापन सौंपने वालों में डॉक्टर दीपक तिवारी, डॉक्टर हेमंत पलिया, डॉक्टर सौरभ जैन, डॉक्टर पुष्पेंद्र, डॉक्टर स्वाति, डॉक्टर सेफ आदि मौजूद रहे.

## एक नजर में



### नर्मदा परिक्रमा के बाद किया भंडारा

**सागर.** मकरोनिया क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालुओं ने नर्मदा परिक्रमा 15 दिन की यात्रा पूर्ण कर बरमान पहुंचे. जहां मां नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया. इस पूरी यात्रा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार पवन शर्मा दुर्घटना बस चोटिल भी हो गए थे.इस दौरान श्रीमती सुधा शर्मा, जयकुमार शुक्ला, अनीता शुक्ला ने परिक्रमा वासियों का स्वागत किया.



### प्रवाह संस्था ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**सागर.** गौर जयंती पर प्रवाह संस्था के सदस्यों ने मकरोनिया बटालियन रोड स्थित डॉ.गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया. इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष रोहित ने बताया कि 25 दिसंबर को डॉ हरीसिंह गौर की पुण्यतिथि पर भजनांजलि आयोजित किया जाएगा. इसमें ख्यात भजन गायक पद्मश्री भारती बंधु भजनों की प्रस्तुति देंगे, वहीं 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस पर कवि सम्मेलन मुशायरा होगा.इस अवसर पर देवेश नीखरा, तीरथ सिंह, मिहीर गांगुली, राकेश यादव ,मनोज जैन, रामसिंह चौहान, बुंदेल सिंह, अजय मौर्य, मुबीन खान, सूरज वानखेड़े विनय रोहित, सचिन रोहित, राजा रोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.



### सेवादल प्रदेश अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल हुए

**सागर.** मध्यप्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष अवनीश भार्गव के पदभार ग्रहण समारोह संविधान दिवस पर आयोजित किया गया. जिला शहर सेवादल सम्मिलित हुआ. कार्यक्रम में इंदिरा गांधी भवन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से अंबेडकर प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला गया जिसमें जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने ध्वज धारक की भूमिका अदा की. इस दौरान विजय साहू, कल्लू पटेल, प्रीतम यादव,नितिन पचौरी, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, आशु सेन, राजेन्द्र सेन, कमलेश सिंघई, ओमप्रकाश पंजवानी, अशोक परिहार, पार्षद सीमा चौधरी संजय रोहित उपस्थित रहे.



### सहारा पीड़ित अधिवक्ता आमरण अनशन पर

**ललितपुर.** जिला मुख्यालय परिसर में अधिवक्ता शेरसिंह यादव द्वारा प्रशासनिक निष्क्रियता और लगातार हो रहे उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया गया है. उन्होंने राष्ट्रपति को प्रार्थना पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति भी मांगी है. थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवगढ़ निवासी अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने आरोप लगाया है कि सहारा इंडिया में जमा उनकी और अन्य ग्रामीणों की रकम वापस न मिलने की आड़ में उनके ही परिजनों द्वारा उनकी कृषि भूमि जबरन कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है, विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं. आरोप यह भी है कि मामले में थाना पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि उल्टा अधिवक्ता के खिलाफ ही शांति भंग की कार्रवाई करते हुए कार्यवाही दर्ज कर दी गई. पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से थाना स्तर से लेकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं तहसील दिवस तक लगातार शिकायत देते आ रहे हैं, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने के कारण उन्हें न्याय से वंचित होना पड़ रहा है.

# रक्तदान शिविर का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सागर 26 नवम्बर. रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में मेगा रक्तदान शिविर का शुभारंभ सांसद लता वानखेड़े ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह व महापौर श्रीमती संगीता तिवारी की उपस्थिति में किया.**

द्वितीय दिवस रक्तदानियों की संख्या और बढ़ गई, शिविर के दो दिनों में कुल 274 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है. युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 27 नवंबर को शिविर का समापन है. शिविर में डॉ. सुशील तिवारी, शैलेन्द्र ठाकुर, सोमेश जडिया, संतोष दुबे, अनुराग प्यासी मौजूद रहे.

# बुंदेली परंपरा से हुआ राम जानकी विवाह

नवभारत न्यूज

**रहली 26 नवम्बर. गाँधी चौक बाजार स्थित जानकी रमण मंदिर व नदी मोहल्ला स्थित बालाजी मंदिर में विवाह पंचमी पर भगवान श्री राम व माता जानकी का विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया.**

सुबह से बालाजी मंदिर में हवन, पूजन व धार्मिक अनुष्ठान किये गए. पंडित अशोक तिवारी ने विधि विधान से पूरा आयोजन संपन्न कराया. दूसरा आयोजन वही गाँधी चौक बाजार स्थित श्री देव जानकी रमण मंदिर में विवाह महोत्सव आयोजित किया गया.



मंदिर को दिन में आकर्षक पुष्पों से सुसज्जित किया गया, रात्रि में आकर्षित विद्युतीय सज्जा की गई. सुबह से ही मंदिर ट्रस्ट एवं नृत्य प्रभात फेरी मंडल के द्वारा आयोजित राम सीता विवाह अनुष्ठान में विधिवत विवाह की क्रियाएं संपन्न की गई. शाम को भगवान को दूल्हा बना कर रथ पर सवार कर बारात निकाली गई, बारात में आकर्षक झाकियां शामिल रहीं जो लोगों के आकर्षण का केंद्र थीं. बुंदेली परंपरा में बारात निकाली गई जिसमें बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दीवारी नृत्य का प्रदर्शन किया गया. बारात का मुख्य आकर्षण विराट रुप मे हनुमान जी का शक्ति प्रदर्शन और जामवंत जी का पथ प्रदर्शन बारात के भ्रमण के बाद गाँधी चौक पर वरमाला कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## महोत्सव के कारण मंडी में डाक नीलामी बंद

**राहतगढ़.** राहतगढ़ नगर में 27 नवम्बर से 2 दिसंबर तक जैन सकल समाज द्वारा पंचकल्याण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन के दौरान मंडी परिसर में व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम संचालन को सुचारु रखने हेतु डाक नीलामी का कार्य 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक बंद रहेगा.इस संबंध में मंडी प्रशासन द्वारा समस्त कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि नीलामी बंद रहने की अवधि में अपनी उपज विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी राहतगढ़ न लाएँ.

# निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक : खंडेलवाल

नवभारत न्यूज

**सागर 26 नवम्बर. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा संभागीय कार्यालय में संयुक्त बैठक में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत करने में जुटें.**

उन्होने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय भी एसआईआर हुआ था. निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक है. श्री खंडेलवाल ने कोर ग्रुप की बैठक में निर्देश दिए.



श्री खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच की कड़ी बनकर कार्य करें. कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें, पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं की चिंता स्वयं कर रहा है, कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें. संगठन कार्यकर्ताओं को समय-समय पर कार्य करने का अवसर अवश्य देता है. भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, यहां न तो कोई छोटा होता है और न ही बड़ा. श्री खंडेलवाल ने मीसाबंदी व उनके परिवार जनों से भेंट की वहीं योगाचार्य विष्णु आर्य के निवास पहुंचकर सम्मान किया. गौर की जयंती पर डॉ. हरिसिंह गौर विवि पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. बैठक को प्रदेश महामंत्री व संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे एवं जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया. बैठक के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, नंदिता पाठक, सांसद लता वानखेड़े, अर्चना सिंह, गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, बृजबिहारी पटैरिया, वीरेन्द्र सिंह लोधी, महापौर संगीता तिवारी आदि मौजूद थे.

# भागवत कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 26 नवम्बर. मकरोनिया के नरवानी रोड पर पुराना पानी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास गोपाल कृष्ण शास्त्री श्री धाम वृन्दावन ने भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन किया.**

व्यास जी ने गौचारण लीला,मथुरा आगमन, धनुष भंग, कुबलिया हाथी वध,कुब्जा उद्धार कंस वध के अलावा रुक्मणि प्रसंग सुनाया. उन्होने बताया कि देवी रुक्मणि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी,जिन्होंने भगवान कृष्ण की लीलाओं और प्रशंसा को सुनकर



उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था. परंतु उनका भाई रुक्मी शिशुपाल से रुक्मणि का विवाह करना चाहता था. कथा में चैन सिंग यादव, आकाश,यादव, आरती यादव, दयाराम पटेल, जगदीश पटेल, रूपसिंह पटेल, दौलत पटेल, अरविंद पटेल उपस्थित रहे.



# प्रदर्शनी- प्रश्न मंच आयोजित

नवभारत न्यूज

**रहली 26 नवम्बर. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस और गौर जयंती मनायी गई.**

कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ मनोज जैन ने सर्व प्रथम संविधान की आवश्यकता, महत्व और उसकी विकास यात्रा के साथ- साथ डॉ गौर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. आत्माराम दुबे ने संविधान के कुछ विशिष्ट बातों पर सदन का ध्यानाकर्षण कराया. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सत्य प्रकाश ने संविधान दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी एवं प्रश्न मंच रोचकता प्रदान की. अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने डॉ अम्बेडकर और संविधान पर अनेक महत्वपूर्ण जानकारीयों द्वारा छात्र छात्राओं को उनके अनुपालन के प्रति जागरूक किया. संचालन डॉ पवन शर्मा, आभार डॉ स्वपना सर्राफ ने माना. इस अवसर पर सुषमा चौरसिया, नेहा डहरिया पीयूष जैन, डॉ राजू सेन,डॉ संगीता जग्गी,डॉ मैत्री मोहन मौजूद रहे.

## युवक का शव मिला

**शाहगढ़.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ के पास एक सागौन के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला है. मृतक की पहचान 35 वर्षीय गनपत लोधी, निवासी अदावन के रूप में हुई है. मिली जानकारी अनुसार गनपत लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी अदावन बीते दो दिन पहले ट्रेक्टर लेकर बगाज माता गया रास्ते में आते वक्त एक महिला की टैक्टर से गिरकर मौत हो गई थी, जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ लाया गया था. डर के कारण गनपत लोधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ से भाग खड़े हुए और उन्होंने आत्महत्या कर ली जिनका शव करीब डवललॉक ग्वाल बाबा के पास एक सागौन के पेड़ से लटका हुआ मिला. पुलिस ने शव को कब्जे में लिया पंचनामा बना कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था.

# रील व रियल लाइफ का फर्क समझें

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 26 नवम्बर. मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि भगवान में और हममें कोई मौलिक अंतर नहीं है, हर साधारण मनुष्य के अंदर यह असाधारण योग्यता छुपी हुई है, अंतर सिर्फ इतना है कि उन्होंने अपने भीतर की इस असाधारण योग्यता को प्रकट कर लिया है और हम जस के तस इस संसार में भ्रमण कर रहे है.**

उन्होंने कहा कि सामने जो दृश्य जीवन दिख रहा है, हम उसे ही संभालते-संवारते है, इस दृश्य जीवन के परे भी जो अदृश्य जीवन है वह बड़ा विराट असीम,अनंत अक्षय और अविनाशी है जिसने उसे पहचान लिया वह साधारण से असाधारण बन गया. प्रवक्ता



अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि 27 नवम्वर गुरुवार से श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव शुरू होगा. सुबह 6:30 बजे गंज मंदिर से घटयात्रा मुनिसंघ के सानिध्य में प्रारंभ होगी जो कि नगर में भ्रमण करती हुई. आयोजन स्थल मधुवन गार्डन के पांडाल में पहुंचेगी, यंहा पर ध्वजारोहण एवं मंडप उदघाटन होगा तथा प्रतिष्ठाचार्य द्वारा प्रमुख पात्रों की शुद्धी के साथ भगवान का अभिषेक एवं पूजन तथा मुनिश्री के प्रवचन होंगे, दोपहर में विधान होगा. शाम 6 बजे शंकासमाधान एवं रात्री 8 बजे से आरती एवं सौ धर्मसभा लगेगी. प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया,बाल ब्र. अभय भैया एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. धीरज भैया तथा सह प्रतिष्ठाचार्य अमित बास्तु रहेंगे.

# वायु गुणवत्ता बनाए रखने कार्य-योजना प्रस्तुत करें

नवभारत न्यूज

**सागर 26 नवम्बर. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख 7 नगरों में उच्च वायु गुणवत्ता स्तर बनाए रखने के लिए मौजूद समय के साथ ही दीर्घकालीन कार्ययोजना 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करने के निर्देश पर्यावरण संरक्षण और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं.**

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि राष्ट्रीय क्लीन एयर प्रोग्राम के मापदंडो के अनुरूप दिल्ली जैसे महानगरों में प्रदूषण के स्तर को कम कर वायु गुणवत्ता बनाए रखने



के लिए किए जाने वाले उपायों को केंद्र में रखकर प्रमुख विभागों का एक एक्सपर्ट ग्रुप बनाएं और लघु तथा दीर्घ कालीन कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए. मुख्य सचिव ने पराली जलाने की घटनाओं को भविष्य में भी रोकने के प्लान के अलावा वाहनों, निर्माण कार्यों और कचरे आदि में आग लगाने जैसी प्रवृत्तियों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पृथक-पृथक एक्शन प्लान बनाने के लिए कहा है. उन्होंने कहा कि सड़कों की धूल रोकने के लिए उनकी मरम्मत आदि करने के साथ गुणवत्ता बनाए रखने पर ध्यान दें.


NAME CHANGE

I, ARMY NO-4576826H, RANK-HAV, NAME-R PALANI SERVING IN 15 MAHAR C/O 99 APO RESIDING AT-221A, MAIN ROAD, MATHIMANGALAM (THEN), POST THENMAHADEVAMANGALAM,DIST-TIRUVANNAMALAI, STATE-TAMILNADU. PIN CODE-606908, DO HEREBY SOLEMNLY AFFIRM AND STATE OATH AS LINDER:

A. THAT I HAVE CHANGED MY SON'S NAME FROM DIVIYA DHARAN TO P DIVIYADHARAN DUE TO TALLY WITH AADHAR CARD AND OTHER DOCUMENTS THAT HIS DATE OF BIRTH IS 07/07/2014 IN AADHAR CARD NO 694975060345.

B. THAT I AM PRODUCING THIS AFFIDAVIT FOR THE PURPOSE OF EVIDENCE FOR MY SON'S NAME

C. THAT BOTH THE NAME'S FROM DIVIYA DHARAN AND P DIVIYADHARAN PERTAIN TO ONE AND THE SAME PERSON.

D. THAT MY SON SHALL AT ALL TIME HEREAFTER IN ALL RECORDS, DEEDS AND WRITING AND ALL PROCEEDING DEALING WITH TRANSACTION, PRIVATE AS WELL AS UNDER ALL DOCUMENTS WHAT SO EVER BE KNOWN AS ONLY P DIVIYADHARAN.

ETHAT WHAT IS STATED ABOVE IN TRUE AND CORRECT TO BEST OF MY KNOWLEDGE, INFORMATION AND BELIEF. NOTHING MATERIAL HAS BEEN CONCEALED THERE FROM.

NAME CHANGE

I, ARMY NO-4576826H, RANK-HAV, NAME- R PALANI SERVING IN 15 MAHAR C/O 99 APO RESIDING AT-221A, MAIN ROAD, MATHIMANGALAM (THEN), POST THENMAHADEVAMANGALAM,DIST-TIRUVANNAMALAI, STATE-TAMILNADU. PIN CODE-606908, DO HEREBY SOLEMNLY AFFIRM AND STATE OATH AS LINDER:

A. THAT I HAVE CHANGED MY DAUGHTER'S NAME FROM KANIMOZHI TO P KANIMOZHI DUE TO NAME NOT MACH WITH CIVIL DOCUMENTS. HER DATE OF BIRTH IS 24/10/2012.

B. THAT I AM PRODUCING THIS AFFIDAVIT FOR THE PURPOSE OF EVIDENCE FOR MY DAUGHTER 'S NAME

C. THAT BOTH THE NAME'S KANIMOZHI AND P KANIMOZHI PERTAIN TO ONE AND THE SAME PERSON

D. THAT MY DAUGHTER SHALL AT ALL TIME HEREAFTER IN ALL RECORDS, DEEDS AND WRITING AND ALL PROCEEDING DEALING WITH TRANSACTION, PRIVATE AS WELL AS UNDER ALL DOCUMENTS WHAT SO EVER BE KNOWN AS ONLY P KANIMOZHI.

E THAT WHAT IS STATED ABOVE IN TRUE AND CORRECT TO BEST OF MY KNOWLEDGE, INFORMATION AND BELIEF, NOTHING MATERIAL HAS BEEN CONCEALED THERE FROM.

NAME CHANGE

I, KUMARI RAJA LAKSHMI, SPOUSE OF ARMY NO -4576826H, RANK-HAV, NAME-R PALANI SERVING IN 15 MAHAR C/O 99 APO RESIDING AT -221A, MAIN ROAD, MATHIMANGALAM (THEN), POST THENMAHADEVAMANGALAM,DIST-TIRUVANNAMALAI, STATE-TAMILNADU. PIN CODE-606908, DO HEREBY SOLEMNLY AFFIRM AND STATE OATH AS LINDER:

(A) THAT I HAVE CHANGED MY NAME FROM KUMARI RAJA LAKSHMI TO RAJALAKSHMI KIN DUE TO INCORRECT ENTRY IN MY HUSBAND'S ARMY RECORD MY DATE OF BIRTH IS 10/10/1991.IN AADHAR CARD NO 958359470295

(B) THAT I AM PRODUCING THIS AFFIDAVIT FOR THE PURPOSE OF EVIDENT FOR MY NAME

(C) THAT THE NAMES KUMARI RAJA LAKSHMI AND RAJALAKSHMI K PERTAIN TO ONE AND THE SAME PERSON,

(D) THAT I SHALL AT ALL TIME HEREAFTER IN ALL RECORDS, DEEDS AND WRITING AND IN ALL PROCEEDINGS AND DEALING WITH TRANSACTION, PRIVATE AS WELL AS UNDER ALL OCCASIONS WHAT SO EVER BE KNOWN AS ONLY RAJALAKSHMI K.

(E) THAT WHAT IS STATED ABOVE IS TRUE AND CORRECT TO BEST OF MY KNOWLEDGE, INFORMATION AND BELIEF. NOTHING MATERIAL HAS BEEN CONCEALED THERE FROM.